वर्ष : 11
अंक : 128
दिसम्बर : 2020

# सक्सेस मिरर

## सफलता का कैप्सूल

Visit us at : www.pdgroup.in

## इस अंक में...

7 | सम्पादकीय
9 | समसामयिकी घटना संग्रह
10 | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ
19 | आर्थिक घटना संग्रह
- सिंगापुर चेहरे की पहचान कर टैक्स भुगतान करने वाला विश्व का पहला देश
- छोटे व्यवसायों के लिए बैंकों की कुल जोखिम सीमा में बढ़ोतरी
- केन्द्र सरकार ने पाँच राज्यों को ₹ 9,913 करोड़ के अतिरिक्त कर्ज की अनुमति दी

23 | राष्ट्रीय घटना संग्रह
- स्वामित्व योजना के तहत् सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ
- केन्द्र सरकार ने चुनाव प्रचार खर्च की सीमा 10 प्रतिशत बढ़ा दी
- केन्द्र ने अनलॉक 5·0 की गाइडलाइन्स जारी की
- रक्षा मंत्री द्वारा 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट अप चैलेंज-4' लॉन्च

26 | अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह
- बांग्लादेश में दुष्कर्म के मामलों में मृत्युदण्ड सम्बन्धी अध्यादेश को मंजूरी
- कोविड-19 ग्लोबल जेंडर रिस्पांस ट्रैकर लॉन्च
- विश्व स्वास्थ्य संगठन जारी करेगा सस्ती कोरोना टेस्ट किट
- नरेन्द्र मोदी टाइम मैगजीन के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल
- भारत को 35 वर्ष बाद मिली अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन गवर्निंग बॉडी की चेयरमैनशिप

29 | खेल खिलाड़ी
- उमर गुल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास
- महेन्द्र सिंह धोनी बने IPL में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी
- रोहित शर्मा ने आईपीएल में रचा इतिहास, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज
- दुबई ड्यूटी फ्री आइरिश ओपन, 2020

32 | विज्ञान समाचार
34 | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह
37 | समसामयिक वस्तुनिष्ठ प्रश्न
40 | आगामी क्षेत्रीय ग्रामीण परीक्षाओं के लिए विशेष हल प्रश्न–वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान

**लेख**

42 | **सामयिक लेख**–संयुक्त राष्ट्र की 75वीं वर्षगाँठ व भारत
43 | **चिकित्सा लेख**–कोरोना वायरस–एक विश्लेषण
45 | **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी लेख**–निजी कम्पनी द्वारा अंतरिक्ष यात्राः एक नई शुरूआत
46 | **जीविकोपार्जन लेख**–डेयरी टेक्नोलॉजी में कॅरियर
74 | **जनसम्पर्क से सम्बन्धित महत्वपूर्ण शब्दावली**
76 | **प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता**
77 | **तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक-125 का परिणाम**
78 | **कॅरियर सलाह**
82 | **रोजगार अवसर**

**हल प्रश्न-पत्र**

**स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया लिपिकीय संवर्ग (प्रा.) परीक्षा, 2020**
48 | तर्कशक्ति
51 | संख्यात्मक अभियोग्यता
55 | English Language
59 | उत्तराखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2019 प्रथम प्रश्न-पत्र

**मॉडल हल**

68 | आगामी मध्य प्रदेश जेल प्रहरी (कार्यपालिक) परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे–इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.

- सम्पादक : राहुल जैन
- रजिस्टर्ड ऑफिस : 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2
- सम्पादकीय ऑफिस
  1, स्टेट बैंक कॉलोनी, खन्दारी
  आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
  फोन–2531101, 2530966
  ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
  कस्टमर केयर: care@pdgroup.in
- दिल्ली ऑफिस
  4845, अंसारी रोड, दरियागंज
  नई दिल्ली–110 002
  फोन–011-23251844, 43259035
- पटना ऑफिस
  पारस भवन (प्रथम तल)
  खजांची रोड
  पटना–800 004
  फोन–0612-2303340
  मो–09334137572
- कोलकाता ऑफिस
  H-3, ब्लॉक-B म्यूनिसिपल प्रीमिसेस
  No.15/2, गालिफ स्ट्रीट, पी.एस. श्यामपुकुर
  कोलकाता–700 003 (W.B.)
  फोन–033-25551510
- हैदराबाद ऑफिस
  16-11-23/37, मूसारामबाग, टीगन गुडा
  आर.टी.ए. ऑफिस के सामने मेन रोड
  (आन्ध्रा बैंक के बगल में), हैदराबाद–500 036
  (तेलंगाना) फोन–040-24557283
- हल्द्वानी ऑफिस
  8-310/1, ए. के. हाउस
  हीरानगर, हल्द्वानी
  जिला–नैनीताल–263 139
  (उत्तराखण्ड)
  मो–07060421008

सम्पादकीय

# जीवन के मूल्यों का निर्धारण कीजिए



***जीवन का मूल्य इस तथ्य पर आधारित नहीं है कि हम कितना अधिक लम्बा जीवन जीते हैं, बल्कि इस तथ्य पर आधारित है कि हम हमारे समाज में अन्यों को कितना योगदान देते हैं.***

**—भगवान बुद्ध**

*मानव-जीवन के दिशा-निर्देश का कार्य उसके जीवन-मूल्य करते हैं. जीवन-मूल्य वस्तुतः मनुष्य के जीवन के रेडार हैं. जीवन-मूल्य वस्तुतः मनुष्य का मूल्य निर्धारण करते हैं. मनुष्य की जीवन-पद्धति को देखकर यह अनुमान लगाया जाता है कि यह मनुष्य अपने व्यक्तित्व का निर्माण किन मूल्यों के आधार पर कर रहा है.*

*प्रत्येक मनुष्य अपना जीवन सुखी एवं आनन्दमय बनाए, यह प्रकृति का भी नियम है तथा मानव का जन्मजात वरदान भी है, परन्तु अनेकानेक व्यक्ति प्रकृति एवं परमात्मा के इस वरदान से वंचित दिखाई देते हैं, इनके लिए जीवन एक गम्भीर समस्या बन जाता है. इसका एक ही कारण रहता है. उनके जीवन का रेडार अथवा जीवन-मूल्यों का निर्धारण एवं निर्देशन दोषपूर्ण रहता है. वे व्यर्थ ही काल, कर्म एवं ईश्वर को दोष लगाते हैं.*

*जीवन जीने के लिए कर्म करना अनिवार्य है. कर्म करने के लिए व्यक्ति को हर पल और हर पग पर अपने मार्ग का निर्धारण करना होता है. इसके लिए व्यक्ति के मन में अन्तःकरण में कतिपय मापदण्डों का होना अनिवार्य है. मापदण्डों का निर्धारण विवेकाश्रित रहता है. लोग किन कामों को उचित, अच्छा तथा सत्य सापेक्ष समझते हैं और किन कामों को अनुचित, बुरा तथा असत्य सापेक्ष समझते हैं. अपने मापदण्डों के आधार पर ही हम जान सकते हैं कि हमारे लिए क्या मूल्यवान है और क्या मूल्यहीन एवं महत्वहीन है. प्रलोभन, भय, आलस्य अथवा किसी कारणवश निर्धारित मूल्यों को छोड़ देने का अर्थ यह होता है कि हम दिग्भ्रमित हो जाते हैं और हमारा जीवन निरुद्देश्य बन जाता है.*

*पुरुषार्थी लोग मूल्यों का निर्धारण स्व-विवेक द्वारा करते हैं और उनके अनुसार दृढ़तापूर्वक आचरण करते हैं, हो सकता है कि किसी व्यक्ति की विवेक वृत्ति पूर्णतः विकसित न हो, उसको आश्वस्त रहना चाहिए कि जीवन में प्रगति करने के साथ विवेक का विकास होता चलता है और तदनुसार जीवन का पथ प्रशस्त होता जाता है. महात्मा गांधी सदृश महान् व्यक्तित्व के धनी प्रायः यह कह दिया करते थे—मेरे सामने एक कदम अथवा एक सीढ़ी स्पष्ट है. मूल्य के अनुसार आचरण करने वाला व्यक्ति विवेक के विकास के उच्च से उच्चतर स्तरों को स्पर्श करते हुए अपने निर्धारित मार्ग पर दृढ़तापूर्वक अग्रसर होता चला जाता है.*